जर्मन कंपनी वान वेलेक्स की फैक्ट्रियों में उत्पादन शुरू

- चीन से अपना कारोबार समेटकर आगरा की आइ- ट्रिक कंपनी से किया था करार
- मंगलवार को हुआ वर्चुअल उद्घाटन, सरकार ने दी है एनसीआर में फैक्ट्री को जमीन

जागरण संवाददाता, आगरा: कोरोना काल में चीन से अपना कारोबार समेटने वाली जर्मन कंपनी वान वेलेक्स और आगरा की कंपनी आइ-ट्रिक के बीच हुए करार के बाद खोली गई दो फैक्ट्रियों में उत्पादन शुरू हो गया है। मंगलवार को एक्सपोर्ट प्रमोशन इंडस्ट्रियल पार्क (ईपीआइपी), शास्त्रीपुरम में बनाई गई फैक्ट्रियों का वर्चुअली उद्घाटन प्रदेश के अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना आलोक कुमार ने किया।

अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में संकट को अवसर में बदलने के विजन के परिणाम मिलना शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और एमएसएमई व निवेश प्रोत्साहन मंत्री सतीश महाना के निर्देशन में राज्य सरकार के सक्रिय दृष्टिकोण के चलते ही पांच माह में निवेश प्रस्ताव क्रियान्वित होकर उत्पादन शुरू हो गया है। राज्य की नीतियों के अंतर्गत उप्र सरकार उद्यमियों की पूरी सहायता करने को प्रतिबद्ध है। कंपनी के सीईओ आशीष जैन ने बताया कि

जूता निर्यात में अग्रणी वॉन वेलेक्स जर्मनी एवं आईट्रिक इंडस्ट्रीज का शुभारंभ करते हुए डीएम प्रभु एन सिंह व एसएसपी बबलू कुमार, कंपनी के निदेशक राजकुमार जैन, निदेशक सुनील जैन व आशीष जैन। साथ में डॉ . आरएस पारिख ● जागरण

हमारी ग्लोबल पार्टनर जर्मन कंपनी कासा एवर्ज जीएमबीएच है। वान वेलेक्स के शोरूम देशभर में खोले जाएंगे। जेवर में 10 हजार वर्ग मीटर और कोसी-कोटवन में 7.5 एकड़ में इकाई खोली जाएंगी। करार के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, अनुसंधान, विकास, विपणन, उत्पादन में सहयोग किया जाएगा।

300 करोड़ का निवेश करेगी कंपनी: वान वेलेक्स प्रदेश में विभिन्न चरणों में तीन परियोजनाओं में करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे करीब 10 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन इकाइयों में कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष 50 लाख जोड़ी जूतों के उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है। ईपीआइपी में आइट्रिक के साथ साझेदारी में खोली गई इकाइयों में 25 लाख जोड़ी जूते प्रतिवर्ष बनाने का लक्ष्य है।

डीएम ने दबाया मशीन का बटन: मंगलवार दोपहर बाद फैक्ट्री पहुंचे डीएम प्रभु एन. सिंह और एसएसपी बबलू कुमार ने मशीन का बटन दबाकर उत्पादन कार्य का शुभारंभ किया। कासा एवर्ज जीएमबीएच की सीईओ एमफ्रेड एवर्ज, निदेशक शांता एवर्ज, मेट्रो ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर फरहा मलिक, वरिष्ठ होम्योपैथ डा. आरएस पारिख, हेड ब्रांड खालिद एम., रफीक मलिक, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, यूपीएसआइडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार, अधिशासी अभियंता एके जैन कार्यक्रम में वर्चुअली मौजूद रहे। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील कुमार जैन, चेयरमैन राजकुमार जैन, विजय सेठिया, कमल चंद जैन, सुशील जैन, ध्रुव जैन, गौरव जैन, महेंद्र जैन, आदित्य जैन, प्रदीप तिवारी, अनूप अग्रवाल, रवि अग्रवाल, डा. सुनील शर्मा, डा. ज्ञान प्रकाश, सुनील विकल, संदेश जैन आदि मौजूद रहे।